Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 18-03-2005

Participants : Goyal Shri Surendra Prakash

>

Title: Need to protect the interests of farmers by providing them adequate compensation for the land being acquired for setting up gas based power project at Masuri in Ghaziabad district, U.P.

श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल (हापुड़) : मसूरी जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में एक गैस आधारित मेगा पावर प्रोजेक्ट लगाए जाने के लिए किसानों से भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है । यद्यपि पावर प्रोजेक्ट के 70-80 एकड़ जमीन का अधिग्रहण ही पर्याप्त होना चाहिए किंतु लगभग 2235 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किए जाने की संभावना है जो कि उचित प्रतीत नहीं होता । पूर्व में सरकार ने 300 रुपये प्रति गज से मुआवजा देने की घोाणा की थी परन्तु अब 150 प्रति गज से मुआवजा देने की बात की जा रही है ।

मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए किसानों को भूमि का मुआवजा 300 रुपये प्रति गज के हिसाब से दिया जाए ।